मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 44 अंक : 132 गुरुवार, 7 अगस्त 2025 3 रुपए पृष्ठ 4
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**सलमान खान की याद दिला रहे हैं अहान पांडे!**

# जनगणना के बाद कल्याण बनेगा जिला

- विधायक किसन कथोरे ने व्यक्त किया विश्वास
- कहा - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया है वादा
- एपीएमसी में सड़क के सीमेंट कंक्रीटिंग कार्य का सोमवार को भूमिपूजन



**कल्याण.** हमारी शुरू से ही मांग रही है कि कल्याण जिला स्वतंत्र हो। अब जनगणना शुरू हो जाएगी, जिसके बाद कल्याण जिला 100 प्रतिशत स्वतंत्र हो जाएगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ऐसा वादा किया है। कल्याण में विधायक किसन कथोरे ने कहा, जब तक जिला स्वतंत्र नहीं हो जाता, मैं चुप नहीं बैठूंगा।

कल्याण कृषि उपज मंडी समिति में सड़क के सीमेंट कंक्रीटिंग कार्य का सोमवार को भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर बाजार समिति के अध्यक्ष रवींद्र घोड़विंदे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक कथोरे ने कहा, कल्याण कृषि उपज मंडी समिति किसानों और व्यापारियों से गुलजार रहती है। हालाँकि, यहाँ सड़क की सुविधा नहीं है, हर जगह गंदगी है। मैं चुनाव के दौरान यहाँ आया था। उस समय, मैंने व्यापारियों को यहाँ की सड़कें साफ करने का आह्वान दिया था. मुझे समझ नहीं आया कि व्यापारी यहाँ गंदगी के साम्राज्य में कैसे काम करते हैं. कथोरे ने कहा कि हम बचे हुए काम को अलग तरीके से करके कृषि उपज मंडी समिति को आदर्श कृषि उपज कैसे बनाया जाए, इसकी योजना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए, विधायक कथोरे ने कहा कि इस सत्र में आधे घंटे तक इस पर चर्चा हुई। कल्याण को एक जिला होना चाहिए। जब तक यह एक जिला नहीं बन जाता, मैं चुप नहीं बैठूंगा। वैसे भी, अब जनगणना शुरू हो रही है। मुख्यमंत्री ने हमें यही वादा किया है कि जनगणना के बाद कल्याण जिला शत-प्रतिशत होगा।

### बदलापुर नगर पालिका में भाजपा का महापौर!

महानगरपालिका चुनाव नज़दीक आ रहे हैं और वरिष्ठ लोग स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं। इस बारे में, विधायक कथोरे ने कहा, चूंकि भाजपा मजबूत है, इसलिए हमें अपने अध्यक्ष द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि बदलापुर नगर पालिका में भाजपा का महापौर बनाया जाएगा। हम राज्य में एक साथ हैं, इसलिए गठबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी, लेकिन अगर स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच कोई मतभेद हैं, तो वहां पर मैत्रीपूर्ण चुनाव लड़ा जाएगा. इस अवसर पर मार्केट कमेटी के अध्यक्ष श्रविंद्र घोड़विंदे, उपाध्यक्ष जालिंदर पाटिल, शिवसेना के अरविंद मोरे, सभी संचालक, कर्मचारी, व्यापारी और किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## साजिद शेख हत्याकांड में दो और गिरफ्तार



**उल्हासनगर.** कुछ दिन पहले हुए साजिद शेख हत्याकांड ने शहर में हड़कंप मचा दिया था। इस मामले की जाँच में तेज़ी लाते हुए पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम विशाल बेरभैया और दिनेश जाधव हैं और उन्हें अदालत में पेश करने पर पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। दो आरोपियों को पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका है, और अब तक पुलिस चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफल रही है। हालाँकि, पाँच आरोपी अभी भी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

पुलिस ने इस मामले में सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज की जाँच की और तकनीकी जाँच के ज़रिए आरोपियों की पहचान की। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि आरोपी अपराध करने के बाद अलग-अलग दिशाओं में भाग गए, इसलिए आरोपियों का पता लगाना चुनौतीपूर्ण था। हालाँकि, पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विष्णु तम्हाणे के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक प्रकाश गीते के नेतृत्व वाली जाँच टीम ने साहसिक कार्रवाई करते हुए यह सफलता हासिल की। साजिद शेख के परिवार ने शुरू में आरोप लगाया था कि पुलिस केवल दो आरोपियों को गिरफ्तार करके मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। हालाँकि, पुलिस ने संयम बनाए रखा और किसी भी भावनात्मक दबाव में आए बिना, सबूतों के आधार पर जाँच आगे बढ़ाई। अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और बाकी पाँच फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## अधिकारियों ने पानी की पाइप लीकेज रोकी

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी में कई दिनों से पानी की पाइप लीक हो रहा था। जिससे भारी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा था।

आखिरकार, एक पूर्व नगरसेवक द्वारा पानी की पाइप लीकेज का वीडियो वायरल करने के बाद, एमजेपीए प्रशासन ने मरम्मत करके पानी के रिसाव को रोक दिया। अंबरनाथ (पूर्व) के बी केबिन इलाके में विशाखा सोसाइटी परिसर में एमजेपीए की पानी की पाइप पिछले कई दिनों से लीक हो रही थी। इस पर ध्यान न दिए जाने पर, पूर्व नगरसेवक सुनील वाघमारे ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस मुद्दे को उठाया। एमजेपीए के पूर्व इंजीनियर किशोर शेकोकर ने इस पर ध्यान दिया।

## पाइप लाइन फटने से लाखों लीटर पानी बर्बाद

- अचानक फटी पाइप लाइन से नागरिक आक्रोशित



**उल्हासनगर.** शहर के कैंप 3 स्थित फालोवर लाइन चौक पर अचानक पानी की पाइप लाइन फट गई। इससे सड़क पर भारी मात्रा में पानी जमा हो गया। इस घटना से लाखों लीटर पीने का पानी सड़क पर बह गया, वहीं दूसरी ओर यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई। अचानक फटी पाइप लाइन से नागरिकों में हड़कंप मच गया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई जा रही है।

फालोवर लाइन चौक पर शनिवार देर रात पानी की आपूर्ति करने वाली मुख्य पाइप लाइन फट गई। चूँकि यह पाइप लाइन सड़क के बीचों-बीच है, इसलिए कुछ ही मिनटों में चौक में पानी भर गया। सड़क पर चार से पाँच फीट ऊँचा पानी बहने से वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। कुछ दोपहिया वाहन चालकों को अपने वाहन बीच में ही रोककर हटना पड़ा। कई लोगों को दूसरा रास्ता अपनाना पड़ा। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय नागरिकों ने मनपा के जल आपूर्ति विभाग के प्रति कड़ा रोष व्यक्त किया। आखिरकार सुबह लाइन की मरम्मत की गई।

हर कुछ महीनों में पाइपलाइन फट जाती है और लाखों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है, फिर भी प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं लेता, ऐसी कई लोगों ने अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं। कुछ नागरिकों ने तो यहाँ तक कहा कि इन पाइपलाइनों के बार-बार टूटने का कारण घटिया सामग्री और रखरखाव में ढिलाई है। ऐसी लगातार घटनाओं ने उल्हासनगर में जल आपूर्ति व्यवस्था की बदहाली को एक बार फिर उजागर कर दिया है। लाखों लीटर पेयजल की बर्बादी एक गंभीर मामला है। इसलिए, शहर में बार-बार पाइपलाइन फटने से होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन कब स्थायी उपाय करेगा? यही सवाल अब शहरवासी पूछ रहे हैं।

## उल्हासनगर में गड्ढों के विरोध में मनसे का रंगोली आंदोलन

- यह विकास है या विनाश?
- महानगरपालिका हाय-हाय के नारे लगाए
- प्रदर्शनकारी हिरासत में



**उल्हासनगर.** शहर की उखड़ी सड़कें और गड्ढे नागरिकों की जान के लिए खतरा बन रहे हैं। इसी पृष्ठभूमि में, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की महिला पदाधिकारियों ने बुधवार को उल्हासनगर महानगरपालिका के खिलाफ एक अनोखा और आकर्षक विरोध प्रदर्शन किया। शहर की मुख्य सड़कों पर बने गड्ढों पर रंगोली बनाकर और नारे लगाकर, मनसे कार्यकर्ताओं ने प्रशासन की निष्क्रियता के प्रति अपनी कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

'यह विकास है या विनाश?', 'नगरपालिका हाय-हाय', 'शहर को गड्ढों से मुक्त करो' जैसे नारे लगाते हुए, प्रदर्शनकारियों ने सड़कों की खस्ता हालत का चित्रण किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व मनसे जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख और शहर अध्यक्ष संजय घुगे ने किया। इस अवसर पर जिला संगठक दिलीप थोरात, सचिन बेंडके सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित थे। इस बीच, जब प्रदर्शनकारियों ने अपना शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन जारी रखा, तो सेंट्रल पुलिस मौके पर पहुँची और सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर थाने ले गई, जिससे विरोध प्रदर्शन समाप्त हो गया।

## अंबरनाथ भाजपा का 11 अगस्त को नगर पालिका पर आक्रोश मोर्चा

- स्ट्रीट लाइट बंद, शहर में अंधेरा

**यूसुफ शेख**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में रास्तों पर लगाए गए 90 प्रतिशत स्ट्रीट लाइट बंद है. इस बारे में मुख्याधिकारी को निवेदन देने के बाद भी स्थिति में कोई सुधार ना आने के कारण 11 अगस्त को नगर परिषद कार्यालय पर आक्रोश मोर्चा निकाल कर नपा कार्यालय को ताला ठोंका जाएगा. ऐसा एक पत्र नपा मुख्याधिकारी को शहर भाजपा की ओर से विधानसभा संयोजक अभिजीत करंजुले ने दिया है. इस संबंध में बुधवार को शहर पूर्व के भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्तालाप का आयोजन भी किया गया, जिसमें भाजपा की ओर से ये खुला आरोप लगाया गया है कि शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने में बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है. जिसमें कुछ नपा के अधिकारी भी शामिल हैं. और उन अधिकारियों को बचाने का प्रयास मुख्याधिकारी कर रहे हैं. अभिजीत करंजुले ने पत्रकारों को बताया कि मुख्याधिकारी को इस संबंध में एक महिना पहले निवेदन भी दिया गया था. लेकिन परिस्थिति जस की तस कायम है. उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में जगह-जगह अंधेरा है, जिसके कारण रात में शहर की कानून व्यवस्था कभी भी बिगड़ सकती है. मुख्याधिकारी का कहना है कि ठेकेदार के साथ न्यायालयीन लड़ाई चल रही है. फिर भी ठेकेदार को बिल की अदायगी की जा रही है. ये एक बड़ा भ्रष्टाचार है. इस मसले को लेकर भाजपा चुप नहीं बैठेगी और 11 अगस्त को छत्रपति शिवाजी चौक से नपा कार्यालय पर मोर्चा निकालकर कार्यालय को ताला ठोंका जाएगा. ऐसा पत्रकार परिषद में कहा गया है. पत्रकार वार्तालाप में भाजपा शहर पूर्व अध्यक्ष विश्वजीत करंजुले, ब्रिजेश तेलंगे, लक्ष्मण दत्त पंत, खानजी धल, अजित खरात, दीपाली लठ्ठे, राजू कुलकर्णी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## उल्हासनगर में दिव्यांगों को रक्षाबंधन का तोहफा

**उल्हासनगर.** सोमवार को मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले के आदेशानुसार उल्हासनगर के 2,033 दिव्यांगों के खातों में 2,200-2,200 रुपये जमा किए गए।

शहर में पंजीकृत 2,033 दिव्यांगों को मानदेय भुगतान की प्रक्रिया मनपा द्वारा महीने की 10 तारीख को निपटाई जाती है। इस वर्ष रक्षाबंधन होने के कारण, दिव्यांगों के खातों में मानदेय उससे पहले जमा किया जाए, ऐसी मांग प्रहार जनशक्ति पार्टी के ठाणे जिला अध्यक्ष एड. स्वप्निल पाटिल और अन्य संगठनों ने की थी। इस पर, आयुक्त आव्हाले ने तुरंत दिव्यांगों के खातों में मानदेय जमा करने का आदेश दिया। तदनुसार, उपायुक्त अनंत जवादवार और सहायक आयुक्त सलोनी निवकर के मार्गदर्शन में, विभाग प्रमुख राजेश घनघाव द्वारा दिव्यांगों की सूची दिए जाने के बाद, मुख्य लेखा अधिकारी अभिजीत पिसाल ने चेक जारी किया।

पाटिल ने रक्षाबंधन से पहले दिव्यांगों के खातों में मानदेय जमा करने और उन्हें उपहार देने के लिए महानगर पालिका को धन्यवाद दिया।

## बिजली चोरी की 2 घटनाओं का पर्दाफाश



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में बिजली चोरी की दो बड़ी घटनाएं सामने आई हैं। महावितरण कंपनी के उड़नदस्ते द्वारा की गई कार्रवाई में लगभग 2 लाख 96 हजार 650 रुपये की बिजली चोरी पकड़ी गई है। इन दोनों मामलों में अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

महावितरण के अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता प्रमोद नामदेवराव दुधाले की शिकायत के अनुसार, अंबरनाथ तालुका के गोरेगांव में अलीडा रेजीडेंसी में रहने वाले वसीम शब्बीर बुबेरे ने मार्च 2024 से फरवरी 2025 के बीच कंपनी से 3518 यूनिट बिजली चुराई, जिससे 94 हजार 250 रुपये का नुकसान हुआ।

इसी तरह, अंबरनाथ ग्रामीण क्षेत्र के तुषार खांडू चव्हाण ने भी अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच 6,806 यूनिट बिजली चुराई। यह पता चला है कि इस चोरी के कारण महावितरण को 2 लाख 02 हजार 400 रुपये का नुकसान हुआ है। दोनों आरोपियों पर बिजली चोरी करके कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप है। दोनों मामलों में भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है और पुलिस उप-निरीक्षक आर. पी. मावले इन मामलों की आगे की जांच कर रहे हैं।

## उल्हासनगर में CCTV कैमरों की हमारी मांग से सुरक्षा और मजबूत हुई -जगदीश तेजवानी

- सामाजिक क्षेत्रों में अपनी विशेष पहचान बनाए जगदीश तेजवानी का आज जन्मदिन
- जगदीश तेजवानी की सीसीटीवी पर लगातार मेहनत सफल
- चुनाव मैदान में उतरने को तैयार





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में बढ़ती आपराधिक वारदातों के मद्देनजर शहर भर में सीसीटीवी लगाने की जोरदार मांग उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी द्वारा विगत वर्षों से की जा रही थी इस बाबत श्री तेजवानी ने मुख्यमंत्री, गृह विभाग, जिलाधिकारी, मनपा आयुक्त तथा ठाणे पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त परिमंडल 4, विधायक से लगातार पत्र व्यवहार किया गया था। अंततः शहर में सीसीटीवी कैमरों को लगाने की शुरुआत हो चुकी हैं।

ज्ञात हो कि उल्हासनगर शहर में आपराधिक घटनाएं काफी बढ़ गई और व्यापारी अध्यक्ष जगदीश तेजवानी का मानना रहा हैं कि सीसीटीवी लगने से आपराधिक प्रवृति के लोग डरेंगे और ऐसे लोगों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने में पहले से सक्षम पुलिस को और आसानी हो जाएगी. अध्यक्ष जगदीश तेजवानी ने 1000 से 1200 कैमरे शहर भर में लगाने की मांग की जिसको हाल ही में सफ़लता मिली। उन्हें उल्हासनगर मनपा पुलिस प्रशासन से जवाब मिला कि उनकी मांग राज्य सरकार तक पहुंचा दी गई हैं।

सरकार के पास यह मामला प्रलंबित था जिसे आखिरकार तेजवानी द्वारा सालों से की जा रही मेहनत रंग लायी है और उल्हसनगर को सुरक्षित रखने के लिए शहर भर में सीसीटीवी कैमरे लगने लगें हैं। इससे पहले भी जगदीश तेजवानी ने कई मुद्दों को क़ानूनी तरीकों से उठाकर क़ामयाबी हासिल की हैं जिसमें सिंधी समाज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों व फिल्मों में उनका सहयोग किसी से छुपा नहीं हैं साथ ही डेवलपमेंट प्लान आंदोलन, स्वच्छता टैक्स, पी वन पी टू पार्किंग, ट्रैफिक समस्या, अनधिकृत सोमवार बाज़ार बंद कराना, फुटपाथों पर अनधिकृत कब्जा हटाना, पे एन्ड पार्क का जोरदार विरोध , मल्टीस्पेशल हॉस्पिटल सहित कई मुद्दों को जोरशोर से उठाया व उनमें सफलता हासिल की हाल ही में सीसीटीवी कैमरों का लगना उनकी उपलब्धियों में एक हैं। उल्हासनगर मनपा पैनल नं. 15 व 16 में उनके सालों के किये कार्यों व साफ़ छवि की वज़ह से स्थानीय जनता का भरपूर प्यार मिल रहा है और उनसे चुनाव लड़ने की अपेक्षा भी रखता है।

## टास्क पूरा करने के बहाने लाखों की धोखाधड़ी

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक व्यक्ति के साथ आनलाइन लाखों रुपयों की धोखाधड़ी की गई है. आरोपी ने नौकरी देने का आश्वासन देकर टास्क पूरा करने के बहाने से उसके चार बैंक से 8 लाख से ज्यादा की रकम निकाल लिया. शहर पूर्व पालेगांव निवासी हीर धर्मेंद्र कीमतयानी (39) ने शिवाजी नगर पुलिस में तंत्रज्ञान अधिनियम कलम के अनुसार अपराध दर्ज कराते हुए अपराध पंजीकृत कराया है कि ये घटना 16.4.25 से 21.4.25 के बीच की है. किसी अजित खुराना नामक व्यक्ति ने उसकी कंपनी में नौकरी दिलाने का आश्वासन देकर हिर धर्मेंद्र के एकाउंट में 15,600 रुपए जमा करके टेलीग्राम पर टास्क देकर टास्क पूरा करने के बहाने पैसे का लालच देकर उनके बैंक आफ बड़ौदा एकाउंट से पहले 85 हजार रुपए, फिर इंडियन बैंक एकाउंट से 1 लाख 28 हजार और स्टेट बैंक के एकाउंट से 1 लाख 25 हजार रुपए, हिर के कंपनी मालिक जितेंद्र थारानी के बैंक से 4 लाख 80 हजार रुपए आरोपी ने उसके यूपीआई आईडी पर डालने के लिए मजबूर किया. हिर को आश्वासन दिया कि उनके घर भेजी गई रकम और कमीशन कुल 11 लाख 81 हजार रुपए वापस करता हूं करके उनको ये रकम वापस नहीं करने पर उन्हें समझ आया कि वह अजित खुराना नामक व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं. शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के पुलिस उप निरीक्षक पी. डी. आमृतकर मामले की जांच कर रहे हैं.

## बारवी बांध 95% भरा, लबालब होने का इंतजार

- बारिश की गति हुई धीमी



**बदलापुर.** जुलाई के अंतिम सप्ताह में हुई भारी बारिश के कारण 25 जुलाई तक बारवी बांध में 83 प्रतिशत जलभराव हो गया था। हालाँकि, दो-तीन दिन बाद हुई भारी बारिश के बाद बारिश थम गई. परिणामस्वरूप, तेज़ी से भर रहे बारवी बांध में जलभराव भी धीमा हो गया है। इसलिए, 4 अगस्त की सुबह होने के बावजूद, बारवी बांध अपनी पूरी क्षमता तक नहीं भर पाया है। फिर भी, वर्तमान में बारवी बांध में 95 प्रतिशत जलभराव है। वर्तमान में बांध 72.14 मीटर तक भरा हुआ है। आने वाले दिनों में बारिश की तीव्रता कम होगी। इसलिए, बांध को भरने में और समय लगने की संभावना है।

ठाणे जिले की शहरी और औद्योगिक प्यास बुझाने का काम बारवी बांध के माध्यम से किया जाता है। इसलिए, बारवी बांध को पूरी क्षमता तक भरना आवश्यक है। सरकारी एजेंसियों समेत ज़िले की नज़रें बारवी बांध के भरने पर टिकी हैं। अगर गर्मियों में इसी बांध का जलभंडार कम हो जाता है, तो इसका असर पानी की कमी के रूप में पड़ता है। हालाँकि, इस साल स्थिति अलग थी। बारवी बांध में इस साल मई में वाष्पीकरण तुलनात्मक रूप से कम हुआ। इसके विपरीत, बांध में जलभंडार बढ़ गया। मई की शुरुआत में बारवी बांध क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई बारिश से जलभंडार बढ़ा। फिर, मई के अंत में बेमौसम और मानसून-पूर्व की बारिश से बांध में जलभंडार बढ़ गया।

जून और जुलाई के महीनों में संतोषजनक बारिश हुई। हालाँकि, इस दौरान बांध में जलभंडार भी तेज़ी से बढ़ा। जुलाई के अंतिम सप्ताह में, बारवी बांध तेज़ी से भरने लगा। इसलिए, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम प्रशासन को डर था कि 25 जुलाई को किसी भी समय बारवी बांध ओवरफ्लो हो सकता है। तदनुसार, एमआईडीसी प्रशासन ने बांध और बारवी नदी के तटवर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन को भी एहतियाती चेतावनी जारी की थी। 25 जुलाई को बांध में 83 प्रतिशत जल संग्रहण था। फिर 26 जुलाई को यही जल संग्रहण 85.25 प्रतिशत तक पहुँच गया। 28 जुलाई को जल संग्रहण 90.51 प्रतिशत था। उस समय बांध में 306.70 मिलियन घन मीटर पानी था।

हालाँकि, उसके बाद बारवी बांध में जल संग्रहण धीमा हो गया। बारवी बांध और आसपास के इलाकों में बारिश कुछ हद तक रुक गई है। इसीलिए कहा जा रहा है कि बांध में जल संग्रहण कम हो गया है। इसलिए, 30 जुलाई को बांध में जल संग्रहण 91.58 प्रतिशत, 1 अगस्त को 93.96 प्रतिशत और सोमवार, 4 अगस्त को 95.25 प्रतिशत था। फिर भी, बारवी बांध में जल संग्रहण संतोषजनक है। अगर आने वाले समय में अच्छी बारिश होती है, तो अगले कुछ दिनों में बारवी बांध भरकर बहने लगेगा। हालांकि, निजी मौसम विशेषज्ञ अभिजीत मोडक के अनुसार, आने वाले समय में बारिश की गति धीमी होने की संभावना है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं। – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## सियासी दुश्मनी में लोकतंत्र लहूलुहान

पश्चिम बंगाल में जिस तरह राजनीतिक हिंसा की घटनाएं आम हो चुकी हैं, उससे ऐसा लगता है कि वहां लोकतांत्रिक तरीके से अपने विचारों की राजनीति करने से ज्यादा प्राथमिक सीधे टकराव को मान लिया गया है। वरना क्या वजह है कि अगर दो दलों या उनके नेताओं के बीच किसी मुद्दे पर मतभेद है, तो उस पर संवाद के बजाय उनके कार्यकर्ता आक्रामक रुख अख्तियार कर लेना अपना पहला काम मान लेते हैं। गुरुवार को राज्य की विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर पथराव की घटना इसका ताजा उदाहरण है कि वहां राजनीतिक गतिविधियों का अर्थ स्वस्थ बहस या संवाद नहीं रह गया है, बल्कि हिंसक रास्ते के जरिए अपने प्रतिद्वंद्वी को रोकने की कोशिश की जाती है।

गौरतलब है कि शुभेंदु अधिकारी पार्टी कार्यकर्ताओं को निशाना बनाए जाने के मसले पर पुलिस अधीक्षक से मिलने जा रहे थे कि इसी बीच रास्ते में उनके काफिले में शामिल वाहनों पर पत्थरों और डंडों से हमला हुआ। यह समझना मुश्किल है कि राज्य में इस तरह की घटना के वक्त पुलिस मूकदर्शक क्यों बनी रहती है।

स्वाभाविक रूप से इस घटना के बाद एक रिवायत की तरह भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप के क्रम ने फिर जोर पकड़ लिया, लेकिन सच यह है कि राज्य की राजनीति में हिंसा या आक्रामकता एक आम चलन के रूप में घुल गई है। लगभग सभी दल इसी को अपना प्राथमिक औजार मानने लगे हैं। शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला इस तरह की कोई अकेली घटना नहीं है। पिछले कुछ दिनों के दौरान तृणमूल कांग्रेस से जुड़े दो नेताओं की हत्या की खबरें आईं।

इससे पहले भाजपा के एक नेता के आवास के बाहर बम विस्फोट की घटना हुई थी। विडंबना है कि पश्चिम बंगाल की राजनीति में हिंसा को एक अघोषित मूल्य के रूप में देखा जाने लगा है। खासतौर पर वहां चुनावों के दौरान हिंसा-प्रतिहिंसा की घटनाओं में तेजी आ जाती है। मगर अब ऐसी घटनाएं निरंतरता में होने लगी हैं। सवाल है कि क्या यह राज्य के पुलिस तंत्र के बेअसर हो जाने का उदाहरण है। अगर यह स्थिति बनी रहती है तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र के सामने किस तरह का संकट खड़ा होगा।

# राजनीति में मिटता जा रहा सच और झूठ का अंतर

राहुल गांधी संसद के भीतर-बाहर खूब बोल रहे हैं। उनके कथित धारदार बयान चर्चा में हैं। जो उनसे सहमत हैं, वे उनकी वाहवाही कर रहे हैं और जो असहमत हैं, वे जाहिर है कि उनकी आलोचना-निंदा कर रहे हैं। राहुल गांधी यानी नेता विपक्ष ने हाल में लोकसभा में संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को निशाने पर लेते हुए कहा कि वह मर चुका है और लोकसभा चुनाव में भी धांधली हुई थी। राहुल पिछले लोकसभा चुनाव की बात कर रहे थे, जिसमें कांग्रेस को 99 सीटें मिलीं और जिस कारण वे लोकसभा में नेता विपक्ष बन सके। उन्होंने ऐसे आरोप तब नहीं लगाए, जब 2014 में कांग्रेस को 44 और 2019 में 52 सीटें मिली थीं। जब 99 सीटें मिलीं, तब वे कह रहे हैं कि धांधली हुई। उन्होंने लोकसभा में चुनाव आयोग को एक तरह से देख लेने की धमकी दी।

पता नहीं वे उसे कैसे देखेंगे, पर उन्होंने संसद के सदन में बोलने के अधिकार का पूरा 'लाभ' उठाया। सांसद और विधायक सदनों में बिना किसी भय, दबाव के बोलने और उसके खिलाफ किसी अदालत में कार्रवाई न हो सकने के विशेषाधिकार का खूब लाभ उठाते हैं। चूंकि किसी विधायक, सांसद के खिलाफ सदन में उसके आचरण के लिए न्यायालय में कुछ नहीं किया जा सकता, इसलिए, वे निडर होकर कुछ भी करते और कहते हैं।

यदि कोई सांसद, विधायक सदन में बहुत ही गलत आचरण कर दे तो उसके खिलाफ सदन ही विशेषाधिकार हनन के तहत कार्रवाई कर सकता है और उसकी सदस्यता भी रद्द कर सकता है, लेकिन इस पर वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है और उसे वहां से राहत भी मिल सकता है। विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई पक्ष-विपक्ष के किसी भी सदस्य के खिलाफ हो सकती है, लेकिन कभी सत्तापक्ष किसी विपक्षी सदस्य के खिलाफ विशेषाधिकार हनन के तहत कार्रवाई करता है तो कहा जाता है कि यह तानाशाही है।

विधायी सदनों में पक्ष-विपक्ष के सदस्य अपने विशेषाधिकार का



किस हद तक मनमाना इस्तेमाल करते हैं, इसका एक उदाहरण 'नई तरह की राजनीति' करने वाली आम आदमी पार्टी का है। वह जब दिल्ली में सत्ता में थी तो विधानसभा के एक-दो दिन के सत्र इस उद्देश्य से भी बुलाती थी कि किसी की मनमानी तरीके से निंदा-भर्त्सना कर सके।

एक बार उसके विधायक ने चुनाव आयोग को निशाने पर लेने के लिए सदन में एक नकली ईवीएम 'खोलकर' यह बताने की कोशिश की थी कि उसे हैक किया जा सकता है। ईवीएम के खिलाफ एक लंबे समय से मोर्चा खुला हुआ है। इस मोर्चे में कांग्रेस भी शामिल है। यह सनद रहे कि ईवीएम का इस्तेमाल कांग्रेस के शासनकाल में शुरू हुआ, लेकिन आज की कांग्रेस को इससे मतलब नहीं?

राहुल की मानें तो चुनाव आयोग मोदी सरकार के इशारे पर भाजपा को छल-छद्म से जिताने का काम कर रहा है और बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के जरिये भी लोकतंत्र ही नष्ट कर रहा है। बहती गंगा में तेजस्वी यादव ने भी हाथ धोया। चुनाव आयोग की ओर से बिहार की मतदाता सूची का पहला ड्राफ्ट जारी होते ही उन्होंने दावा किया कि इसमें तो उनका नाम ही नहीं है। इस पर चुनाव आयोग ने उनके दावे को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि उनका नाम लिस्ट में है और अमुक मतदान केंद्र में अंकित है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण का गहन विरोध करने वाले राहुल के अनुसार महाराष्ट्र में वोट की चोरी हुई थी। उनका कोई समर्थक और शुभचिंतक यह पूछने को तैयार नहीं कि यदि ऐसा है तो झारखंड और जम्मू-कश्मीर के नतीजे कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों के पक्ष में क्यों रहे? जो कुतर्क करने में माहिर हैं, उनका 'तर्क' है कि भाजपा इन दोनों राज्यों में इसलिए जानबूझकर हारी, ताकि चुनाव आयोग पर संदेह न हो। शायद ऐसे ही लोगों का इलाज हकीम लुकमान के पास नहीं रहा होगा।

राहुल गांधी ने हाल में दिवंगत अरुण जेटली पर आरोप लगाया कि उन्होंने कृषि कानूनों का विरोध करने पर उन्हें धमकाया था। इस पर अरुण जेटली के बेटे को कहना पड़ा कि ये कानून तो उनके पिता के निधन के बाद आए। शायद राहुल भूमि अधिग्रहण बिल का संदर्भ देना चाहते थे।




आइए हम उन अनेक चीजों के बारे में सोचें जिनके लिए हमें प्रभु का शुक्राना करना चाहिए।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# भारत ने अमेरिका को सुनाई खरी-खरी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारत पर पच्चीस फीसद शुल्क लगाने और रूस से तेल एवं गैस खरीदने पर जुर्माना लगाने का एलान किया था। निश्चित तौर पर यह भारत पर अनावश्यक दबाव बनाने की रणनीति है। मगर अमेरिका की उम्मीदों के उलट भारत ने अपने रुख को और सख्त कर स्पष्ट कर दिया है कि जब राष्ट्रहित का मसला हो तो कोई बाहरी दबाव मजबूत इरादों को लक्ष्य से डिगा नहीं सकता है। भारत ने साफ कहा है कि रूस से तेल खरीदने के लिए शुल्क बढ़ाने की चेतावनी अनुचित और अव्यावहारिक है।

यही नहीं, भारत ने दुनिया के सामने इस बात को भी उजागर किया है कि अमेरिका किस तरह दोहरे मापदंड अपनाकर अपने हितों को साधने की चेष्टा कर रहा है। असल में इस तरह का प्रयास किसी भी देश की राष्ट्रीय संप्रभुता पर अतिक्रमण और उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना है। दूसरी ओर रूस ने भी अमेरिका के इस कदम को वैश्विक दक्षिण देशों के खिलाफ नव-उपनिवेशवादी नीति करार देकर और इन देशों के साथ सहयोग बढ़ाने की इच्छा व्यक्त कर साफ कर दिया है कि अब दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की पक्षधर है।



भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर अमेरिका और यूरोपीय संघ पर पलटवार करते हुए रूस के साथ उनके व्यापारिक संबंधों की ओर ध्यान दिलाया है। विदेश मंत्रालय ने रूस के साथ ऊर्जा संबंधों की आलोचना को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि अमेरिका खुद अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, विद्युत वाहन उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायनों का आयात करता है। वहीं, यूरोपीय संघ इस मामले में दो कदम आगे है। वर्ष 2024 में यूरोपीय संघ का रूस के साथ 67.5 अरब यूरो का द्विपक्षीय व्यापार हुआ।

वर्ष 2023 में इसमें सेवाओं से जुड़ा व्यापार लगभग 17.2 अरब यूरो आंका गया। यह उस वर्ष या उसके बाद रूस के साथ भारत के कुल व्यापार से काफी अधिक है। वास्तव में वर्ष 2024 में एलएनजी का यूरोपीय आयात रेकार्ड 16.5 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो 2022 में 15.21 मिलियन टन से कहीं अधिक है। ऐसे में सवाल है कि जो देश खुद रूस से तेल-गैस और अन्य सामग्री खरीद रहे हैं, वे किसी अन्य देश को रूस से व्यापार करने से कैसे रोक सकते हैं? क्या यह दोहरे मापदंडों का प्रदर्शन नहीं है?

अमेरिका की ओर से तर्क दिया जा रहा है कि रूस भारत को कच्चे तेल की बिक्री से अर्जित धन का इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध में कर रहा है। मगर इस बात की क्या गारंटी है कि अमेरिका और यूरोपीय देशों की ओर से रूस से जो सामग्री खरीदी जा रही है, उससे मिले धन का इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध में नहीं हो रहा है? जाहिर है, अमेरिका दोहरे मापदंड अपनाकर अपने भू-राजनीतिक हित साधना चाहता है।

दरअसल, वह उभरती विश्व व्यवस्था में अपने आधिपत्य को नुकसान से चिंतित है। भारतीय विदेश मंत्रालय का साफ कहना है कि रूस से कच्चे तेल का जो आयात किया जाता है, उसका उद्देश्य देश में उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा की लागत को किफायती बनाए रखना है। किसी भी देश के लिए उसकी घरेलू जरूरतों को पूरा करना उसका प्राथमिक कर्त्तव्य होता है। ऐसे में भारत का अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा के लिए हरसंभव आवश्यक उपाय करना स्वाभाविक है।

# क्या वाकई दो मुंह वाले होते हैं दो-मुंहे सांप?

'दो-मुंहा सांप' – यह शब्द हम अक्सर उन लोगों के लिए इस्तेमाल करते हैं, जो दोहरे चरित्र दिखाते हैं. लेकिन क्या आपने कभी सोचा

**जरा हट के**

कि असल में दो-मुंहे सांप होते हैं? और क्या यह सच है कि ये सांप हर छह महीने में अपने सिर बदलते हैं? सोशल मीडिया पर हाल ही में वायरल एक वीडियो ने इन सवालों को फिर से हवा दी है, जिसमें दावा किया गया कि दो-मुंहे सांप ना केवल असल में होते हैं, बल्कि उनके सिर हर छह महीने में बदलते भी हैं.

सबसे पहले, यह जान लें कि दो-मुंहे सांप वास्तव में मौजूद हैं और इसे वैज्ञानिक भाषा में बाइसेफली कहा जाता है. यह एक जन्मजात दोष है, जो तब होता है जब एक भ्रूण पूरी तरह से दो हिस्सों में नहीं बंट पाता, जैसे कि इंसानों में सियामी जुड़वां के मामले में होता है. यह स्थिति हर 100,000 सांपों में से केवल एक में देखी जाती है, यानी 0.001% संभावना. ऐसे



सांपों के दो सिर, दो दिमाग और कभी-कभी अलग-अलग गले या पेट भी हो सकते हैं. उदाहरण के लिए, कैलिफोर्निया के ईस्ट बे विवेरियम में 2025 में जन्मा एक दो-मुंहा कैलिफोर्निया किंग स्नेक, जिसके सिरों के नाम जीक और एंजल हैं, छह महीने तक जीवित रहा, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है.

लेकिन हर छह महीने में सिर बदलने का दावा? यह पूरी तरह मिथ है. विशेषज्ञों का कहना है कि यह गलतफहमी सांपों की त्वचा बदलने की प्रक्रिया से उत्पन्न हो सकती है. सांप हर कुछ महीनों में अपनी पुरानी त्वचा उतारते हैं, और यह प्रक्रिया उनके पूरे शरीर, जिसमें सिर भी शामिल है, पर लागू होती है. लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि उनका सिर बदल जाता है. एक अन्य प्रजाति के सांप को लेकर भी कुछ ऐसा ही कहा जाता है. ये सांप अपनी सेफ्टी के लिए अपने पूंछ का इस्तेमाल करता है, जिसकी संरचना उसके सिर से मेल खाती है. ऐसे में कई लोग ऐसा कहते हैं कि इस सांप के दो मुंह है और यह हर छह महीने में इसे बदलता है. हालांकि, असल में दो-मुंहे सांपों की जिंदगी आसान नहीं होती. उनके दो दिमाग अलग-अलग दिशाओं में सोचते हैं, जिससे चलना, शिकार करना और खतरे से बचना मुश्किल हो जाता है.




# काजू कतली

बाज़ार की मिठाइयों में न जाने कितना शक्कर और मिलावट हो सकती है, लेकिन घर पर बनी काजू कतली न सिर्फ स्वाद में लाजवाब होती है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहतर होती है. आइए इस रक्षाबंधन अपनों को अपने हाथों से बनी मिठास से खुश करें और जानें काजू कतली की एकदम आसान रेसिपी.



**सामग्री :**

- काजू – 1 कप (150 ग्राम)
- चीनी – ½ कप (100 ग्राम)
- पानी – ¼ कप
- इलायची पाउडर – ¼ छोटा चम्मच (वैकल्पिक)
- घी – थोड़ा सा (स्मूदनेस के लिए)

**विधि :**

सबसे पहले काजू को 5 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें, ताकि ये सूखे रहें, फिर इन्हें मिक्सर में पीसकर बारीक पाउडर बना लें. ध्यान रहे कि पाउडर करते समय मिक्सर ज्यादा न चलाएं, नहीं तो काजू तेल छोड़ने लगेगा.

अब एक पैन में चीनी और पानी डालें और गैस पर मध्यम आंच पर पकाएं. जब तक एक तार की चाशनी न बन जाए, तब तक चलाते रहें.

चाशनी में काजू पाउडर मिलाएं और धीमी आंच पर लगातार चलाते रहें. धीरे-धीरे यह मिश्रण गाढ़ा होने लगेगा. इसमें इलायची पाउडर भी मिला सकते हैं.

जब मिश्रण कढ़ाई से छूटने लगे और गाढ़ा हो जाए, तब इसे प्लेट पर निकालें. थोड़ा ठंडा होने के बाद हाथ में थोड़ा घी लगाकर इसे आटे की तरह गूंध लें.

अब एक चिकनी सतह पर बेलन की मदद से मिश्रण को बेल लें. बेलने के बाद चाकू से डायमंड शेप में काट लें. चाहें तो ऊपर से सिल्वर वर्क भी लगाएं.

# सिर्फ राखी बांधना नहीं है रक्षाबंधन

## बच्चों को सिखाएं रिश्तों का सही मतलब

रक्षाबंधन का पावन पर्व भाई-बहन के पवित्र और स्नेहमयी रिश्ते की याद दिलाता है। इस त्योहार का अर्थ ही है कि संबंधों की मिठास हमेशा बनी रहे, न कि उसे एक दिन की औपचारिकता तक सीमित कर दिया जाए। मगर क्या हम इस भाव को परिवार के हर सदस्य तक समान रूप से पहुंचा पा रहे हैं?आमतौर पर हर माता-पिता अपने बच्चों, खासकर बेटे और बेटी के बीच स्नेह, समझदारी और सहयोग की उम्मीद रखते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बेटा अपनी बहन की रक्षा करे, उसका सम्मान करे और हर परिस्थिति में उसका साथ दे, लेकिन जब बात खुद एक पिता और उनकी बहन यानी बुआ के रिश्ते की आती है, तो उत्साह क्यों दब सा जाता है?



### एक गलत छवि का शिकार

भारतीय समाज में बुआ के रिश्ते को अक्सर नकारात्मक नजर से देखा जाता है। फिल्मों और धारावाहिकों में बुआ को प्रायः ईर्ष्यालु, झगड़ालू, या स्वार्थी के रूप में दिखाया जाता है। वहीं पौराणिक कहानियों में भी 'होलिका' जैसी पात्रों को बुआ के रूप में जोड़कर प्रस्तुत किया जाता है। धीरे-धीरे यह छवि लोगों के मन में गहराई से बैठ गई है। यही छवि कुछ भाभी की भी बना दी गई है कि वे ननद का स्वागत-सत्कार नहीं करती हैं। हर परिवार अलग है और हम एक ही आईने से रिश्तों की नहीं देख सकते। टीवी और फिल्मों ने भी बुआ को जो नकारात्मक छवि दी है, उससे बाहर निकलना जरूरी है। कई बार देखा गया है कि भाभी और ननद में एक दूसरे से टकराव, शिकायत या असहमति की स्थिति बन जाती है जिसमें गलतफहमी दोनों तरफ से हो सकती है। ऐसी स्थिति में बुआ का घर आना-जाना बोझिल और औपचारिक सा लगने लगता है। यह बात बच्चों के मन में भी बैठ जाती है।

### खुद उदाहरण बनें

शिक्षा केवल शब्दों से नहीं, आचरण से दी जाती है। अगर हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे अपने भाई-बहन से जीवनभर जुड़ाव बनाए रखें, तो हमें भी अपने भाई-बहन के साथ अपना रिश्ता सहेजना होगा। एक पिता यदि अपनी बहन को केवल औपचारिक रूप से याद करते हैं या मां ही उस रिश्ते को दबाकर रखती हैं, तो बेटा-बेटी भी वैसा ही व्यवहार अपनाते हैं। इस बदलाव को लाने के लिए माता पिता स्वयं सकारात्मक उदाहरण बनें। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने भाई-बहनों के साथ संबंध को बच्चों के सामने खुलकर निभाएं। संबंधों में सहजता दोनों तरफ से होगी तो इस त्योहार या मेल-जोल को पैसे और गिफ्ट्स के तराजू में नहीं तौला जाएगा। बुआ 'होलिका' नहीं है, बल्कि परिवार है। अगर हम रिश्तों को निभाना सीखें, तो बच्चों को सिखाना आसान हो जाएगा। माता-पिता को इसे पहले व्यवहार में उतारना होगा, तभी अगली पीढ़ी सीखेगी कि सच्चा रक्षाबंधन हर दिन मनाया जा सकता है - केवल राखी के धागे से नहीं, बल्कि अपनत्व के बंधन से और इसकी खुशबू बनाए रखने के लिए उपयुक्त अवसरों को जन्म देना होगा।

### बदल रही है बुआ

वैसे अब समय कुछ-कुछ बदल रहा है। नई पीढ़ी की बहनें और बुआएं भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई, अपने भाई और भतीजे-भतीजियों के जीवन में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली हैं। बुआ अब बच्चों के साथ उनके प्रोजेक्ट्स, सलाह, कहानियों और अनुभवों में सहभागी बन रही है। वहीं भाभियां भी खुले दिल से संबंध बनाने और निभाने में कहीं पीछे नहीं हैं बल्कि एकदूसरे का संबल बन रहीं हैं, साथ रील-मीम्स साझा करने वाली बन रही हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। किस्मत मेहरबान रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है।

**वृषभ** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

**मिथुन** : पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें।

**कर्क** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** : कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** : वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा।

**तुला** : शत्रु परास्त होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** : लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**धनु** : किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मकर** : पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दु:खद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कुंभ** : प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किस्मत मेहरबान रहेगी। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें।

**मीन** : शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रमाद न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# चाय नहीं छोड़ी तो शरीर छोड़ेगा साथ!

## 30 दिन का ब्रेक बन सकता है बूस्टर प्लान

भारत में सुबह की शुरुआत चाय के बिना अधूरी मानी जाती है. लोग अक्सर आंख खुलते ही सबसे पहले चाय की प्याली थाम लेते हैं. लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि ये आदत सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती है? जानकारों का मानना है कि सुबह-सुबह, खासकर खाली पेट दूध वाली चाय पीना शरीर के लिए फायदेमंद नहीं बल्कि हानिकारक हो सकता है. चाय में मौजूद कैफीन और टैनिन जैसे तत्व पेट की आंतरिक परत पर असर डाल सकते हैं और एसिड का स्तर बढ़ा सकते हैं.

### सुबह चाय पीने से क्या नुकसान हो सकते हैं?

खाली पेट चाय पीने से सबसे आम समस्या होती है एसिडिटी और गैस. यह धीरे-धीरे पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है. इसके अलावा, सुबह चाय पीने से भूख दब जाती है, जिससे नाश्ता सही से नहीं हो पाता और शरीर को जरूरी पोषण नहीं मिल पाता.

लगातार यह आदत बनी रहने पर कब्ज की शिकायत भी हो सकती है क्योंकि चाय शरीर से पानी बाहर निकालती है जिससे डिहाइड्रेशन होता है. साथ ही, चाय में मौजूद कैफीन नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है, जिससे दिनभर थकान और चिड़चिड़ापन महसूस होता है.



### अगर एक महीने तक सुबह की चाय न पी जाए तो क्या होगा?

अगर आप सिर्फ एक महीने के लिए सुबह की चाय पीना छोड़ दें तो इसके कई हेल्दी बदलाव देखने को मिल सकते हैं. पेट हल्का और आरामदायक महसूस होता है, जिससे दिन की शुरुआत बेहतर होती है.भूख खुलकर लगती है, जिससे नाश्ता पौष्टिक बनता है. शरीर में कैफीन की निर्भरता कम होती है और नींद बेहतर हो जाती है.चेहरे पर ताजगी और ग्लो नजर आने लगता है क्योंकि शरीर डिटॉक्स मोड में आ जाता है.

### तो सुबह उठते ही क्या पिएं?

अगर आप चाय छोड़ना चाहते हैं, तो उसकी जगह कुछ स्वस्थ विकल्प अपनाए जा सकते हैं.

**गुनगुना पानी** – यह पेट साफ करता है और मेटाबॉलिज्म को एक्टिव करता है.

**नींबू-शहद वाला पानी** – शरीर को डिटॉक्स करता है और इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है.

**तुलसी या अदरक का काढ़ा** – वायरल और मौसमी बीमारियों से बचाव में मदद करता है.

**ग्रीन टी या हर्बल टी** – ये कम कैफीन और ज्यादा एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ बेहतर विकल्प हैं.

# दूध में मिलाकर पियें आयुर्वेदिक चीजें

**हल्दी और काली मिर्च – इंफ्लामेशन कम और इम्यूनिटी बूस्ट–**

हल्दी में मौजूद कर्क्यूमिन एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लामेटरी एजेंट है. जब इसे दूध में मिलाकर पिया जाता है, तो शरीर में सूजन कम होती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है. अगर आप इसमें एक चुटकी काली मिर्च भी मिला लें, तो यह कर्क्यूमिन के अवशोषण को कई गुना बढ़ा देती है. यह सर्दी-जुकाम, जोड़ों के दर्द और स्किन प्रॉब्लम्स के लिए भी बेहद फायदेमंद है.

**मुलेठी – सर्दी, कफ और गले की सूजन में राहत–**

मुलेठी एक फेमस आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है जो खासकर कफ, सर्दी और गले की सूजन में बेहद असरदार मानी जाती है. दूध में मुलेठी पाउडर मिलाकर पीने से बलगम की समस्या से राहत मिलती है, साथ ही गले के दर्द और खराश में भी आराम मिलता है. यह मिश्रण खासकर बदलते मौसम में बहुत उपयोगी होता है.

**शतावरी पाउडर – हार्मोन बैलेंस और प्रजनन क्षमता में सुधार–**



महिलाओं के लिए शतावरी एक अमृत समान जड़ी-बूटी मानी जाती है. इसका उपयोग खासकर हार्मोनल बैलेंस और प्रजनन स्वास्थ्य के लिए किया जाता है. दूध में शतावरी पाउडर मिलाकर नियमित रूप से पीने से पीरियड्स संबंधी समस्याएं, पीसीओएस, और फर्टिलिटी इश्यूज में फायदा होता है. यह हार्मोन को संतुलित रखता है और शरीर को भीतर से पोषण देता है.

**शिलाजीत – स्टैमिना और एनर्जी बढ़ाने में सहायक–**

शिलाजीत एक नेचुरल मिनरल रेजिन है जो हिमालय की चट्टानों से प्राप्त होता है. इसे ऊर्जा का स्रोत माना जाता है. दूध में शिलाजीत पाउडर मिलाकर पीने से शारीरिक ताकत, स्टैमिना और मेंटल फोकस में सुधार होता है और शरीर की कमजोरी को दूर करता है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

उल्हास विकास
गुरुवार, 7 अगस्त 2025


## खबरें गांव की...

### फर्राटा पंखे की चपेट में आए मासूम को तड़पता देख बचाने आए दादा, दोनों की दर्दनाक मौत

**शाहजहांपुर.** शाहजहांपुर के कांट प्रखंड के अभायन गांव में बुधवार की सुबह करंट लगने से एक मासूम बच्चे और उसके दादा की दर्दनाक मौत हो गई। आठ साल का राज घर के नीचे खेलते समय फर्राटा पंखे की चपेट में आ गया। मासूम को करंट से तड़पते देख ऊपर कमरे से खाना खाकर नीचे आए दादा ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह खुद भी करंट की चपेट में आ गए। दोनों को आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### महिला अधिकारी से यौन उत्पीड़न मामले में बड़ी कार्रवाई, उपायुक्त समेत 7 अधिकारी निलंबित

यूपी सरकार ने महिला अधिकारी से यौन शोषण मामले में बड़ी कार्रवाई की है। शासन ने उपायुक्त समेत सात को सस्पेंड कर दिया है। जबकि अन्य छह पर आरोपी को बचाने का आरोप है। मंगलवार देर शाम संयुक्त आयुक्त ने ये एक्शन लिया। जिसके बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। शाशन ने यौन शोषण के आरोप में राज्य कर विभाग मथुरा में तैनात उपायुक्त कमलेश कुमार पांडेय सहित सात अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। जबकि छह सदस्य आंतरिक परिवाद समिति (विशाखा) के सदस्य हैं, जिन पर आरोपी को बचाने के आरोप हैं। संयुक्त सचिव रघुबीर प्रसाद ने सभी का निलंबन आदेश जारी किया।

### ड्रोन की झूठी अफवाह फैलाने पर युवती गिरफ्तार

**मेरठ.** यूपी के कई शहरों में ड्रोन से चोरों के आने की अफवाह फैल रही है। इनमें से एक शहर मेरठ भी है। अब यूपी पुलिस ने इस तरह की फर्जी अफवाहें फैलाने वालों पर कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। ऐसी के चलते मेरठ की एक लड़की के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। मेरठ में ड्रोन आने की झूठी अफवाह फैलाने का युवती ने इंस्टाग्राम पर 27 सेकंड का वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल का मामला संज्ञान में आने पर युवती के खिलाफ ब्रह्मपुरी थाने में आईटीआई की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के खत्ता रोड निवासी लायबा ने ड्रोन आने की झूठी अफवाह फैलाने का वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। लायबा ने फॉलोवर की संख्या बढ़ाने के लिए फर्जी वीडियो वायरल किया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस में मामले का संज्ञान लेने पर गणेशपुरी चौकी इंचार्ज हिमांशु भारद्वाज की तरफ से आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया।

### मायके आई महिला का कई बार किया रेप

**कुशीनगर.** यूपी के कुशीनगर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां मायके आई एक शादीशुदा महिला का एक शख्स ने रेप कर वीडियो बना लिया फिर उस वीडियो से ब्लैकमेल कर कई बार रेप किया। महिला ने विरोध किया तो उस आरोपी ने उसके पति को वीडियो दिखा दिया। अपनी पत्नी का गंदा अश्लील वीडियो देख भड़के पति और सास-ससुर ने उसे घर से निकाल दिया है। अब महिला ने मामले की शिकायत जिले के तमकुहीराज थाने में की है। कुशीनगर के ही तरयासुजान थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली इस महिला की शादी तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गांव में हुई है। विवाहिता के तीन बच्चे हैं। सीओ तमकुहीराज को सौंपे शिकायती पत्र में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पिछले महीने वह अपनी मां से मिलने तरयासुजान थाना क्षेत्र स्थित मायके गई थी।

# धराली त्रासदी- 5 की मौत

## 11 जवानों समेत 100 से ज्यादा लापता, 400 का रेस्क्यू; केरल के 28 टूरिस्ट का सुराग नहीं



### ■ सिर्फ 34 सेकेंड में बह गया गांव

**देहरादून.** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बादल फटने से प्रभावित इलाकों धराली, हर्षिल और सुखी टॉप में सर्च ऑपरेशन जारी है। त्रासदी में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। 100 से ज्यादा लोग लापता हैं। SDRF, NDRF, ITBP और आर्मी बचाव कार्य में जुटी हैं।

ITBP के प्रवक्ता कमलेश कमल ने बताया- 400 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया है। 100 से ज्यादा अभी भी फंसे हैं। शाम तक उन्हें भी बचा लिया जाएगा। NDRF डीआईजी शहीदी ने कहा कि सेना के 11 जवान लापता हैं।

बुधवार सुबह पीएम मोदी ने उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की। इसके बाद धामी ने धराली और दूसरी जगहों का एरियल सर्वे किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर मीटिंग भी की।

इधर, केरल के 28 टूरिस्ट्स का ग्रुप धराली की घटना के बाद से लापता है। परिवार के सदस्यों ने कहा- एक दिन पहले सभी ने गंगोत्री की यात्रा पर जाने की बात कही थी, लेकिन लैंडस्लाइड के बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका है। गंगोत्री तीर्थयात्रियों के प्रमुख पड़ाव धराली गांव के बाजार-मकान, होटल बह गए खीर गंगा नदी में पहाड़ों से बहकर आए मलबे से बहे, सिर्फ 34 सेकेंड में ये बर्बादी हुई।

#### 10 साल में तीसरी बार तबाह हुआ

धराली गांव में 1864, 2013 और 2014 में भी पहाड़ पर बादल फटे थे। इससे खीर नाले ने तबाही मचाई। भूगर्भ वैज्ञानिकों ने तीनों ही आपदाओं के बाद धराली गांव को कहीं और बसाने की सलाह राज्य सरकार को दी। यह भी बताया कि आपदा के लिहाज से धराली टाइम बम पर बैठा है, लेकिन इसे शिफ्ट नहीं किया गया।

**वरिष्ठ भूगर्भ वैज्ञानिक प्रो. एसपी सती बताते हैं..**

धराली ट्रांस हिमालय (4 हजार मी. से ऊपर) में मौजूद मेन सेंट्रल थर्स्ट में है। यह एक दरार होती है, जो मुख्य हिमालय को ट्रांस हिमालय से जोड़ती है। ये भूकंप का अति संवेदनशील जोन भी है। जिस पहाड़ से खीर गंगा नदी आती है, वो 6 हजार मी. ऊंचा है, जब भी वहां से सैलाब आता है, धराली को तहस-नहस कर देता है।

करीब 6 महीने पहले पहाड़ी का एक हिस्सा टूटकर खीर नदी में गिर रहा था, लेकिन ये अटक गया। संभवतः इस बार वही हिस्सा टूटकर नीचे आया है।

#### 1500 साल पुराना कल्प केदार मंदिर भी ध्वस्त

आपदा में धराली में स्थित प्राचीन कल्प केदार महादेव मंदिर भी मलबे में दफन हो गया। भागीरथी नदी किनारे स्थित 1500 साल पुराना यह मंदिर पंच केदार परंपरा से जुड़ा है। स्थानीय लोगों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र था।

# CJI बोले- 11 अगस्त से मेरी अदालत में अर्जेंट सुनवाई नहीं



### ■ सीनियर वकीलों को मनाही
### ■ जूनियर वकील अर्जी दाखिल कर सकते हैं

**नई दिल्ली.** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) बीआर गवई ने कहा कि 11 अगस्त से उनकी अदालत में सीनियर वकील अर्जेंट सुनवाई की मांग नहीं कर सकते। हालांकि जूनियर वकीलों को इससे छूट दी गई है।

गवई ने कहा- कम से कम मेरी अदालत में तो इसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बाकी जस्टिस को भी इस प्रथा को अपनाना चाहिए।

आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में अर्जेंसी का हवाला देकर जस्टिस के सामले केस की तत्काल सुनवाई की मांग करते हैं। इससे पहले से लिस्टेड मामले छूट जाते हैं।

#### CJI गवई ने दोबारा शुरू करवाई थी यह परंपरा

14 मई को शपथ लेने के बाद CJI गवई ने वकीलों की तरफ से अर्जेंट सुनवाई के लिए मौखिक जानकारी देने की प्रथा को फिर शुरू कर दिया था। जबकि उनसे पहले जस्टिस संजीव खन्ना ने इसे बंद करवा दिया था। जस्टिस खन्ना के कार्यकाल में वकीलों को मौखिक जानकारी के बजाए ईमेल या लिखित में जानकारी देनी होती थी।

# दिल्ली में महिला सांसद की चेन छीनने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कांग्रेस सांसद आर. सुधा की गर्दन से 30 ग्राम के सोने की चेन छीनने वाले आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 24 साल के सोहन रावत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से सांसद की चेन और वह स्कूटर जब्त की है, जिससे उसने घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस ने बताया कि CCTV फुटेज के आधार पर आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखने के बाद, उसे गिरफ्तार किया गया है। रावत पर पहले से 26 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से ज्यादातर चोरी और झपटमारी से जुड़े हैं। उसे अप्रैल में गाड़ी चोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था। वह 27 जून को जमानत पर बाहर आया था।

दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में तमिलनाडु भवन के पास 4 अगस्त को तमिलनाडु की कांग्रेस सांसद आर. सुधा मॉर्निंग वॉक कर रही थीं। इसी दौरान स्कूटी पर सवार बदमाश उनके गले से चेन छीनकर भाग गया।

# असमिया मूल के लोगों को मिलेंगे हथियारों के लाइसेस

### ■ सुरक्षा के लिए प्रैक्टिकल तरीके अपनाने होंगे

**गुवाहाटी.** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अपनी मुखर राय और सख्त फैसलों के लिए चर्चित रहे हैं। अब उन्होंने ऐसा ही एक फैसला और लिया है, जिसकी देश भर में चर्चा हो रही है। इसके तहत असम के मूल निवासियों को शस्त्र लाइसेंस प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री का कहना है कि सुरक्षा के लिए ऐसा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मूल असमिया लोगों को सुरक्षा के लिए प्रैक्टिकल तरीके अपनाने होंगे। असम सरकार 'संवेदनशील क्षेत्रों' में रहने वाले मूलनिवासी लोगों को शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन करने की सुविधा देने के उद्देश्य से एक पोर्टल लॉन्च करने वाली है। यह जानकारी मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को दी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कई स्तरों पर जांच और सत्यापन के बाद ही लाइसेंस दिया जाएगा। सरमा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'एक समर्पित पोर्टल तैयार किया जा रहा है, जिसके माध्यम से ऐसे मूलनिवासी लोग शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे, जो अपने जीवन को खतरा महसूस करते हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में रहते हैं।' मुख्यमंत्री के अनुसार ऐसे व्यक्ति जो असम के 'मूल निवासी या भारतीय नागरिक' हैं और जो अपने निवास क्षेत्र की संवेदनशीलता के कारण 'अपने जीवन और सुरक्षा को लेकर वास्तविक खतरा महसूस करते हैं', वे आवेदन के पात्र होंगे।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा ऐसे लोग जो जिला प्रशासन द्वारा अधिसूचित या अधिकृत सुरक्षा एजेंसियों के आंकलन के अनुसार 'अत्यधिक संवेदनशील या दूरदराज क्षेत्रों' में निवास करते हैं, वे भी शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में सुरक्षा संबंधी गहन आकलन, सत्यापन, वैधानिक अनुपालन, गैर-हस्तांतरणीय शर्तें, समय-समय पर समीक्षा, निगरानी और रिपोर्टिंग आदि शामिल होंगे।

# इस महीने चीन जाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### ■ गलवान झड़प के बाद पहला दौरा
### ■ जिनपिंग से हो सकती है मुलाकात



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन के तियानजिन का दौरा करेंगे। एससीओ बैठक में भाग लेने से पहले, प्रधानमंत्री मोदी 30 अगस्त को जापान की यात्रा पर जाएंगे, जहां वे जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वहीं से चीन रवाना होंगे। 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद यह उनकी पहली चीन यात्रा होगी। उन्होंने आखिरी बार 2019 में चीन का दौरा किया था।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों पर रूस से तेल खरीदने के लिए निशाना साधा है। अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा है कि यह समूह डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। भारत और चीन दोनों ही ब्रिक्स के सदस्य देश हैं।

# बिहार SIR में जिन 65 लाख लोगों के नाम हटाए गए, उनके विवरण जारी करे आयोग

### ■ सुप्रीम कोर्ट में ADR की मांग

**नई दिल्ली.** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) पर जहां संसद से सड़क तक संग्राम जारी है, वहीं सुप्रीम कोर्ट भी इससे अछूता नहीं है। वहां इससे जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) ने याचिका दायर कर निर्वाचन आयोग द्वारा कराए गए SIR के बाद जारी की गई ड्राफ्ट लिस्ट में जो 65 लाख मतदाताओं के नाम छूट गए हैं, उनका विवरण प्रकाशित करने के लिए आयोग को निर्देश देने की मांग शीर्ष अदालत से की है। मामले में अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी।



सुप्रीम कोर्ट उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिनमें चुनाव आयोग के 24 जून के आदेश को चुनौती दी गई है। 24 जून के आदेश में चुनाव आयोग ने बिहार से शुरू कर देशभर में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कराने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को दायर अपनी याचिका में एडीआर ने अदालत से अनुरोध किया कि वह चुनाव आयोग को निर्देश दे कि वह 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची से हटाए गए लगभग 65 लाख मतदाताओं के नामों और विवरणों की विधानसभा क्षेत्र और भाग या बूथवार सूची प्रकाशित करे, और इसमें सूची से हटाए जाने के कारणों (मौत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लिकेट या लापता) को भी शामिल करे।

65 लाख लोगों में कौन-कौन?

SIR प्रक्रिया के तहत, चुनाव आयोग ने आदेश दिया था कि केवल उन्हीं मतदाताओं को ड्राफ्ट रोल में शामिल किया जाएगा जो 25 जुलाई तक गणना फॉर्म जमा करेंगे। चुनाव आयोग ने कहा कि राज्य के कुल 7.89 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 7.24 करोड़ से फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं, यानी शेष 65 लाख को हटा दिया गया है। आयोग ने 25 जुलाई को एक प्रेस नोट में कहा था कि इनमें से 22 लाख मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 35 लाख या तो स्थायी रूप से पलायन कर गए हैं या फिर उनका पता नहीं चल पाया है और 7 लाख मतदाता एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत हैं।

# स्वामी प्रसाद पर करणी सेना का हमला

### युवक ने माला पहनाई, फिर थप्पड़ मारा बोला- ब्राह्मणों को गाली देते हैं

**रायबरेली.** रायबरेली में स्वामी प्रसाद मौर्य पर करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने हमला कर दिया। रोहित द्विवेदी नाम के युवक ने पहले स्वामी प्रसाद को माला पहनाई, फिर सिर पर पीछे से हाथ मारकर भागने लगा। स्वामी प्रसाद अचानक से चीखे तो कार्यकर्ता अलर्ट हो गए।

उन्होंने मौके से भाग रहे युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। उसे गिराकर बुरी तरह पीटा। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने बमुश्किल भीड़ से उसे बचाया। स्वामी प्रसाद मौर्य फतेहपुर जा रहे थे। रास्ते में रायबरेली में रुके थे। तभी उन पर हमला हुआ। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के सारस चौराहे की है।

स्वामी प्रसाद के समर्थकों ने युवक को इतना पीटा कि वह खून से लथपथ हो गया। हमले की वजह पूछने पर उसने कहा- मैं करणी सेना से जुड़ा हूं। स्वामी प्रसाद ने ब्राह्मण जाति को कई बार गाली दी। सनातन धर्म के खिलाफ बोलते हैं। भगवान राम के खिलाफ बोलते हैं, इसलिए हमला किया।

वहीं, हमले के बाद स्वामी प्रसाद ने कहा-

करणी सेना के नाम पर कुछ कीड़े-मकौड़े योगी सरकार की कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे। सरकार गुंगी-बहरी अंधी बनकर तमाशा देख रही। ये हमला

# करियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे सिराज और कृष्णा

### ■ जसप्रीत बुमराह नंबर-1 पर कायम
### ■ बल्लेबाजों में जायसवाल टॉप-5 में



इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा अपने-अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इस टेस्ट में सिराज ने 9 और कृष्णा ने 8 विकेट लिए थे।

सिराज 12 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए। उनकी रेटिंग 674 अंक हो गई। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 25 स्थान की उछाल के साथ 59वां स्थान हासिल किया, उनकी रेटिंग 368 अंक है। जसप्रीत बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। उनके 889 रेटिंग अंक हैं।

वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल टॉप-5 में पहुंच गए हैं।

#### सिराज ने सीरीज में सबसे ज्यादा 23 विकेट लिए

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में सिराज ने सभी पांच टेस्ट खेले और 23 विकेट के साथ सीरीज के टॉप विकेट टेकर रहे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन टेस्ट मैचों में 14 विकेट लिए। वे सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में पांचवें स्थान पर रहे।

बल्लेबाजी रैंकिंग में, भारत के यशस्वी जायसवाल ने आखिरी टेस्ट की दूसरी पारी में 164 गेंदों पर 118 रन बनाकर तीन स्थान की छलांग लगाई और ICC मेन्स टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में टॉप-5 में जगह बनाई। उनकी रेटिंग अब 792 अंक है। वहीं, इंग्लैंड के जो रूट और हैरी ब्रूक ने पहला और दूसरा स्थान बरकरार रखा। रूट ने दूसरी पारी में 152 गेंदों पर 105 रन और ब्रूक ने 98 गेंदों पर 111 रन बनाए।

#### एटकिंसन और जोश टंग भी करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे

इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन का फायदा रैंकिंग में मिला। गस एटकिंसन और जोश टंग ने आठ-आठ विकेट लिए। एटकिंसन पहली बार टॉप-10 में शामिल हुए, जबकि टंग 14 स्थान की छलांग लगाकर 46वें स्थान पर पहुंच गए। दोनों ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की।

#### ऑलराउंडर्स में जडेजा टॉप पर कायम, स्टोक्स नंबर-3 पर

द ओवल में 53 रन की पारी खेलने वाले भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ऑलराउंडर्स रैंकिंग के टॉप पर कायम हैं। उनके पास 405 रैंकिंग पॉइंट्स हैं। वहीं, इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स (295 अंक) के साथ तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। साउथ अफ्रीका के वियान मुल्डर और ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

# जितने महीने शादी चली, आप मांग रहीं उतने ही करोड़

### ■ एलिमनी की डिमांड पर SC ने सुनाया

**नई दिल्ली.** एक महिला की ओर दायर एलिमनी के केस में सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला दिया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अगुवाई वाली अदालत ने इस मामले में शख्स को आदेश दिया कि वह अपनी पूर्व पत्नी को एलिमनी के तौर पर मुंबई की हाईप्रोफाइल सोसायटी में स्थित फ्लैट दे दें। इसके साथ ही एलिमनी का केस अब बंद कर दिया जाए। इसके साथ ही बेंच ने महिला को भी सुनाया, जिसने मांग रखी थी कि उसे 12 करोड़ रुपये की रकम और मुंबई स्थित एक फ्लैट एलिमनी में दिया जाए। इस पर चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि आप दोनों की शादी ही 18 महीने चली और आप 18 करोड़ रुपये मांग रही हैं। इसका अर्थ हुआ कि आप शादी के प्रति एक महीने के बदले एक करोड़ चाहती हैं। जस्टिस गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने महिला की दलीलों पर कहा कि आपकी तो शादी ही बहुत कम समय चली। ऐसे में इतनी बड़ी डिमांड करना कैसे तार्किक है। चीफ जस्टिस गवई ने कहा कि जिस फ्लैट की मांग की जा रही है वह मुंबई की कल्पतरू सोसायटी में है, जो शहर का नामी हाउसिंग प्रोजेक्ट है। उन्होंने महिला से पूछा कि आप कितनी पढ़ी लिखी हैं। इस पर महिला ने बताया कि उसने एमबीए तक की पढ़ाई की है और पूर्व में आईटी सेक्टर में काम कर चुकी है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि आप बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों में नौकरी कर सकती हैं। फिर काम क्यों नहीं करती हैं?




# चुनाव आयोग का तेजस्वी यादव को दूसरा नोटिस

### ■ वोटर आईडी जमा करने को कहा



**पटना.** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को चुनाव आयोग ने दोबारा नोटिस भेजा है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता से आयोग दो वोटर आईडी रखने के मामले में फिर से जवाब मांगा है। इस संबंध में दीघा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की ओर से बुधवार को पत्र लिखा गया। इसमें तेजस्वी द्वारा वोटर लिस्ट में नाम शामिल नहीं किए जाने संबंधी पूर्व के दावे के बारे में जानकारी मांगी है। बीते रविवार को भी तेजस्वी यादव को आयोग की ओर से नोटिस भेजा गया था। बताया जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष की ओर से पहले पत्र जवाब न मिलने के बाद उन्हें दोबारा नोटिस भेजा गया है। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे वोटर लिस्ट रिवीजन के घर-घर सत्यापन अभियान के बाद 1 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई थी। इसके तुरंत बाद तेजस्वी यादव ने पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया था कि उनका नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नहीं है।

उन्होंने मीडिया के सामने ही अपना EPIC (मतदाता पहचान संख्या) आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर दर्ज करके SIR ड्राफ्ट में अपना नाम सर्च किया था।


**उल्हासनगर महानगरपालिका**
दिव्यांग दिव्यांग कल्याणकारी योजना विभाग
उल्हासनगर महानगरपालिका मुख्यालय, उल्हासनगर- 3
दुरध्वनी 0251-2720116 विस्तार - 227

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

जा.क्र.उमपा/दि.क.यो.वि./122/2025 दि. 06/08/2025

**दरपत्रक सुचना**
**(बाजारभावाप्रमाणे दर मागविण्याबाबत)**
**विषय** :- उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रातील घरो घरी जाऊन दिव्यांग नगारीकांचे सर्वेक्षण करणेसाठी दरपत्रक मागणविणे बाबत.
(कुशल, अकुशल मनुष्यबळ (संगणक चालक) यांची सेवा घेण्यासाठी दरपत्रक सादर करण्याबाबत)

| अ.क्र. | साहित्यांचा तपशिल | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षण कार्यशाळा आयोजनाकरीता प्रशिक्षक/तज्ञ व्यक्ति यांचे मानधन, प्रवास, भोजन व्यवस्था | एकूण 10 प्रशिक्षण |
| 2 | कुशल/अकुशल मनुष्यबळ, संगणक चालक | 3 महिने, अंदाजे एकूण 06 कर्मचारी |
| 3 | कार्यक्रमाचे व्यवस्थापन, कार्यक्रम आयोजन, नियोजन, समन्वय | अंदाजे 15,000 लाभार्थी |

अटी व शर्ती मनपाच्या वेबसाईटवर, मनपाच्या सुचनाफलकावर तसेच फॉर्ममध्ये नमूद करण्यात आलेल्या आहेत.

जा.क्र. उमपा / पीआरओ/236/2025
दिनांकः 06/08/2025

सही/-
**(अनंत जवादवार)** करीता
उप.आयुक्त (दि.क.यो.वि.)
उल्हासनगर महानगरपालिका

## संक्षेप...

### नाबालिग का यौन उत्पीड़न; 60 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई.** पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप में एक 60 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी, जो पीड़िता का चाचा है, पर बलात्कार और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं।

घटना के बाद, नाबालिग को शिव के लोकमान्य तिलक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उसका इलाज किया गया। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई की गई, जैसा कि रिपोर्ट में बताया गया है।

# 238 एसी लोकल ट्रेनों की खरीद को मंज़ूरी

**मुंबई.** दो साल की देरी के बाद, भारतीय रेलवे ने मुंबई के लिए 238 वातानुकूलित (एसी) लोकल ट्रेनों की खरीद को मंज़ूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य शहर में यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है। रेलवे बोर्ड के सीईओ सतीश कुमार ने यह घोषणा की। उन्होंने पुष्टि की कि मुंबई शहरी परिवहन परियोजना (एमयूटीपी-3 और एमयूटीपी-3ए) के तहत जल्द ही निविदाएँ जारी की जाएँगी। मिड-डे की रिपोर्ट के अनुसार, इस खरीद की कुल अनुमानित लागत 19,293 करोड़ रुपये है।

एमयूटीपी-3 परियोजना में 3,491 करोड़ रुपये की लागत से 47 एसी लोकल ट्रेनों का अधिग्रहण शामिल है। दूसरी ओर,



एमयूटीपी-3ए परियोजना 15,802 करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय के साथ 191 एसी ट्रेनों की खरीद पर केंद्रित होगी। शुरुआत में, इन परियोजनाओं के लिए वैश्विक निविदाएँ मुंबई रेल विकास निगम (एमआरवीसी) द्वारा जून 2023 में जारी की गई थीं, लेकिन आगे बढ़ने के निर्णय में देरी हुई, जिससे खरीद की समयसीमा पीछे हो गई।

सीएनबीसी-टीवी18 के अनुसार, इस विकास को मुंबई में बेहतर स्थानीय यात्रा विकल्पों की बढ़ती माँग को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। वर्तमान में, मुंबई का उपनगरीय नेटवर्क मध्य और पश्चिमी रेलवे लाइनों पर प्रतिदिन 189 वातानुकूलित लोकल ट्रेन सेवाएँ चलाता है, जो 2,00,000 से अधिक यात्रियों को सेवा प्रदान करती हैं।

नई ट्रेनों के शुरू होने से भीड़भाड़ कम होगी और आराम बढ़ेगा, और अधिक यात्रियों को समायोजित करने के लिए मौजूदा 12-डिब्बों वाली ट्रेनों को 15-डिब्बों वाली इकाइयों तक विस्तारित करने की योजना है। इन उन्नयनों के अलावा, रेलवे बोर्ड स्वचालित दरवाज़ा बंद करने वाली प्रणालियों वाली गैर-एसी ट्रेनों के दो प्रोटोटाइप पर भी काम कर रहा है, जिनके दिसंबर 2025 तक लॉन्च होने की उम्मीद है। इन ट्रेनों का विकास चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फ़ैक्टरी में किया जा रहा है।

# ठाणे मनपा वर्षा मैराथन 10 अगस्त को

**ठाणे.** ठाणे और पूरे महाराष्ट्र में प्रसिद्ध 31वीं मनपा वर्षा मैराथन इस वर्ष 10 अगस्त 2025 को आयोजित की जाएगी। इस वर्ष भी, 21 किलोमीटर की पुरुष और महिला वर्ग तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए 10 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता में समय प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 'मैराथन ठाणे ऊर्जा तरुणाईची' के नारे के तहत आयोजित की गई है. माना जा रहा है कि इसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय धावकों सहित 25 हज़ार से ज़्यादा धावक दौड़ेंगे।अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी ने आज आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मनपा के अधिकारियों-कर्मचारियों, पत्रकारों, जो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं, सहित नागरिकों से इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की।स्वर्गीय नरेंद्र



बल्लाल हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपायुक्त उमेश बिरारी, मीनल पलांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल आदि उपस्थित थे।प्रतियोगिता रविवार 10 अगस्त को सुबह 6:30 बजे मुख्यालय चौक से शुरू होगी। प्रतियोगिता 12 अलग-अलग समूहों में आयोजित की जाएगी।मैराथन प्रतियोगिता के लिए कुल ऑफलाइन पंजीकरण 13860 तक पहुँच गया है। 12 वर्ष से कम आयु के बालक 3 किमी - 2378, बालिका 3 किमी - 2051, 15 वर्ष से कम आयु के बालक 5 किमी - 4641, बालिका 5 किमी - 4018, 18 वर्ष से कम आयु के बालक 10 किमी - 965, 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक महिला 1 किमी - 22, पुरुष 11 किमी और कॉर्पोरेट रन 1 किमी - 14 आदि के लिए पंजीकरण हुआ है। जबकि ऑनलाइन पंजीकरण 1850 तक पहुंच चुका है। पुरुष 21 किमी ओपन ग्रुप - 610, महिला 21 किमी - 190, 18 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष 10 किमी - 730, 16 वर्ष से अधिक आयु की महिला 10 किमी - 320 ने पंजीकरण कराया है।

# यौन उत्पीड़न और हत्या का आरोपी हिरासत से फरार

**भिवंडी.** 2023 में छह साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न और हत्या के आरोप में 32 वर्षीय एक विचाराधीन कैदी पुलिस हिरासत से फरार हो गया। सलामत अली अंसारी नाम का आरोपी भिवंडी में अदालत में पेशी के बाद ठाणे पुलिस टीम की सुरक्षा में भागने में कामयाब रहा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, अंसारी ठाणे जेल में बंद था और उसे एक निर्धारित सुनवाई के लिए भिवंडी अदालत लाया गया था। उसे सुबह 11 बजे अदालत परिसर लाया गया और दोपहर करीब 1 बजे सत्र न्यायालय में पेश किया गया। अदालत में पेशी के बाद,



अंसारी को सुरक्षा के तहत पुलिस वैन में वापस ले जाया गया। हालाँकि, वह पुलिस की निगरानी में ही अदालत परिसर से भागने में कामयाब रहा। तुरंत पीछा करने के बावजूद, सुरक्षा दल उसे पकड़ने में नाकाम रहा।

# प्रत्येक मेट्रो स्टेशन के अंतर्गत एक आरक्षित यात्री स्टॉप बनाए

- **परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के निर्देश**

**ठाणे.** कापरबावड़ी से घोड़बंदर मार्ग पर 8 मेट्रो स्टेशनों के अंतर्गत अलग-अलग यात्री स्टॉप बनाए।ताकि मेट्रो से उतरने के बाद यात्रियों के लिए अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था हो सके परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने संबंधित मेट्रो अधिकारियों को निर्देश दिया।मेट्रो स्टेशनों के निरीक्षण दौरे और विभिन्न संबंधित विकास कार्यों के संबंध में बोल रहे थे। इस अवसर पर ठाणे मनपा मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण, परिवहन विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।मंत्री सरनाईक ने कहा कि 5-6 साल पहले जब ठाणे मेट्रो का काम शुरू हुआ था, तब सर्विस रोड मुख्य सड़क के किनारे थी।लेकिन घोड़बंदर रोड पर बढ़ते यातायात की भीड़ को देखते हुए, उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से वर्तमान सर्विस रोड को मुख्य सड़क में मिलाने का अनुरोध किया ताकि घोड़बंदर रोड पर यातायात की भीड़ की समस्या का समाधान हो सके! तदनुसार, इसके लिए 600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कोष उपलब्ध कराया गया। मंत्री सरनाईक ने यह भी निर्देश दिया कि मानसून के बाद काम शुरू किया जाना चाहिए और इस साल के अंत तक पूरा किया जाना चाहिए।हालांकि, नागरिकों की ओर से शिकायतें आने लगीं कि मेट्रो स्टेशन की सीढ़ियाँ सर्विस रोड



और मुख्य सड़क के बीच स्थित हैं, जो भविष्य में यात्रियों के लिए खतरनाक हो सकती हैं।इस संबंध में भौतिक निरीक्षण करके समाधान खोजने के लिए इस दौरे की योजना बनाई गई थी। वर्तमान में, सर्विस रोड को मुख्य सड़क से जोड़ा जा रहा है, इसलिए सड़क की चौड़ाई बढ़ गई है। हालाँकि, जहाँ मेट्रो स्टेशन है, वहाँ यात्री उतरने वाली सीढ़ियों के साथ यात्रियों के लिए एक पूरक परिवहन प्रणाली बनाने की आवश्यकता है, इसलिए मांग की गई थी कि उक्त सर्विस रोड को उन यात्रियों के लिए एक अलग स्टॉप के रूप में विकसित किया जाए। तदनुसार, संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रत्येक मेट्रो स्टेशन के नीचे एक सर्विस रोड आरक्षित करें और वहां यात्रियों के लिए एक पूरक परिवहन प्रणाली बनाएं ताकि एसटी बसों, सिटी बसों, रिक्शा और टैक्सियों के अलावा अन्य वाहन इस मार्ग पर न आएं। मुख्य सड़क के किनारे ऐसे नोटिस बोर्ड लगाए जाने चाहिए! उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऐसे निर्देश भी दिए।मंत्री सरनाईक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उपरोक्त निर्देशों के अनुसार किए गए परिवर्तनों को 15 अगस्त तक उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में वॉकथ्रू के माध्यम से दिखाएँ और उनकी अनुमति से आगे का कार्य शुरू करें।

### पूरे घोड़बंदर रोड को सीमेंट से पक्का करें

इस दौरान, मंत्री सरनाईक ने मेट्रो स्टेशनों और अन्य संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान, मंत्री सरनाईक ने मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को पूरे घोड़बंदर रोड को सीमेंट से पक्का करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठाणे मनपा को संबंधित अधिकारियों को एक पत्र भेजने का निर्देश दिया।

# भिवंडी में गणेशोत्सव की तैयारी शुरू

- **मनपा प्रशासक आयुक्त की संयुक्त बैठक**
- **आयुक्त ने ठेकेदारों को लगाई फटकार**

**भिवंडी.** गणेशोत्सव महापर्व को ध्यान में रखते हुए भिवंडी मनपा आयुक्त अनमोल सागर और पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे ने संयुक्त रूप से गणेश विसर्जन मार्गों का दौरा कर शुरू कार्यों की समीक्षा की. प्रशासनिक अधिकारियों ने एमएमआरडीए व सार्वजनिक बांधकाम विभाग के ठेकेदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य समय से पूरा करने की कड़ी चेतावनी दी.



गौरतलब हो कि,मनपा प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर एवं पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे ने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से विसर्जन घाटों और मार्गों का निरीक्षण किया.इसके बाद दोपहर में मनपा मुख्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें मनपा के वरिष्ठ अधिकारी, अभियंता, प्रभाग अधिकारी, एमएमआरडीए.और सार्वजनिक बांधकाम विभाग के अधिकारी व संबंधित ठेकेदार शामिल हुए.बैठक में यह बात सामने आई कि गणेशोत्सव नजदीक है, बावजूद इसके कई सड़कों के कार्य अब भी अधूरे पड़े हैं.शहर में धीमी गति से शुरू कार्यों पर आयुक्त सागर और पुलिस उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर की. आयुक्त अनमोल सागर ने साफ निर्देश दिए कि आगामी 15 दिनों के भीतर गणेश आगमन और विसर्जन मार्गों की सभी सड़कें पूर्णतः दुरुस्त की जाएं.लापरवाही बरतने वाले अधिकारी और ठेकेदारों पर कड़ी कार्यवाही होगी.पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे ने ठेकेदारों और अभियंताओं को स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर सड़क की खस्ताहाली के कारण कोई दुर्घटना या अप्रिय घटना घटती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार और अभियंता की होगी. बैठक में अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके, पुलिस सहायक आयुक्त सचिन सांगले, शहर अभियंता जमील पटेल, सार्वजनिक बांधकाम विभाग के उप अभियंता गीते, एमएमआरडीए. के अभियंता तथा विभिन्न सड़क परियोजनाओं के ठेकेदार उपस्थित थे.

# अखंड रामायण, रुद्राभिषेक व महाभंडारा सम्पन्न



- **5 हजार से अधिक शिव भक्तों ने उठाया महाप्रसाद का लाभ**

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** घूंघट नगर काप आली परिक्षेत्र स्थित प्राचीन श्री रामेश्वर मंदिर में भक्त मंडली द्वारा प्रति वर्ष की भांति श्रावण मास के अंतिम दिन महाभंडारे का आयोजन किया गया. महाभंडारा में करीब 5,000 शिवभक्तों ने महाप्रसाद का लाभ उठाया. उक्त मौके पर भाजपा विधायक महेश चौघुले, रामेश्वर मंदिर प्रमुख ट्रस्टी अशोक कुमार फड़तरे, अनिल फड़तरे, शिवसेना (शिंदे गुट) जिला प्रमुख सुभाष माने,भाजपा जिलाध्यक्ष रवि सावंत, विजय मिश्रा (बिल्डर), प्रशांत लाड, समाजसेवक रवि पाटिल, समाजसेवक शीतला मिश्र, रामनारायण सोनी, बृजेश पांडे, सयाजी मोरे, वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र तिवारी, युवानेता अभिषेक राउत सहित शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने भोलेनाथ का दर्शन व महाप्रसाद का लाभ उठाया.

गौरतलब हो कि, श्री रामेश्वर मंदिर में श्रावण मास में उत्तर भारतीय समाज द्वारा मंदिर ट्रस्ट की सहयोग से अखंड रामायण का संगीतमय तरीके से भक्तों की मंडली पूर्ण कर तत्पश्चात हवन किया गया.अखंड रामायण के दौरान मंदिर में 20 घंटा लगातार भगवान शिव का रुद्राभिषेक हुआ.सामूहिक रूप से हुए जलाभिषेक में असंख्य शिवभक्त सपरिवार शामिल हुए.महाभंडारा के मुख्य आयोजक प्रदीप केसरवानी ने बताया कि, श्रावण मास के आखिरी दिन महाभंडारा का श्रीगणेश 21 वर्ष पहले उनके पिता स्व.फूलचंद केसरवानी ने की थी. महाभंडारा को समूचे उत्तर भारतीय समाज का सहयोग और सराहना की जा रही है.

# सलमान खान की याद दिला रहे हैं अहान पांडे!

- **वायरल वीडियो पर यूजर्स बोले- हूबहू यंग सलमान जैसे, कुछ ने कहा- अगले सुपरस्टार**

फिल्म सैयारा से चंकी पांडे के भतीजे और अनन्या पांडे के कजिन अहान पांडे ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है। फिल्म सुपरहिट होने के बाद से अहान चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच उनकी एक वीडियो सामने आई है, जिसमें उनके लुक की तुलना सलमान खान से होने लगी है। यूजर्स का कहना है कि अहान यंग सलमान की तरह दिख रहे हैं।

दरअसल, मंगलवार 12 अगस्त को अहान मुंबई के जुहू इलाके की सड़कों पर अकेले नजर आए। इस दौरान उनके फैंस ने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं।

जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई तो वायरल हो गई। एक के बाद एक यूजर्स इसपर कमेंट करने लगे। एक ने लिखा, वीडियो के अंत में अहान की स्माइल कातिलाना है, इन्हें धीरे-धीरे समझ आ रहा है कि ये अगले बॉलीवुड स्टार हैं। एक ने कहा- रॉकस्टार कृष कपूर, तुम फायर हो। एक ने कहा है- मेरे सैयारा मेरे सुपरस्टार। इसके अलावा कुछ यूजर्स ने कहा- ये हूबहू यंग सलमान की तरह दिखते हैं।

सैयारा ने दुनिया भर में 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। फिल्म की टीम के मुताबिक, सैयारा भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लव स्टोरी बन गई है। डायरेक्टर मोहित सूरी के लिए यह पहली फिल्म है जो वर्ल्ड वाइड 500 करोड़ रुपए क्लब में शामिल हुई है। 18 दिनों में कुल वर्ल्ड वाइड ग्रॉस 507 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है!



# अनिल अंबानी से धोखाधड़ी मामले में की 10 घंटे पूछताछ

**मुंबई.** उद्योगपति अनिल अंबानी मंगलवार को 17 हजार करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में पेश हुए।



वह सुबह करीब 11 बजे मध्य दिल्ली स्थित केंद्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। ईडी ने अनिल अंबानी से लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की। मंगलवार को सुबह लगभग 10:50 बजे अनिल अंबानी दिल्ली स्थित केंद्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे और लगभग 9 बजे वह ईडी के ऑफिस से बाहर निकले। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अनिल अंबानी के बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि उनसे लगभग एक दर्जन सवाल पूछे गए। माना जा रहा है कि अंबानी ने किसी भी गड़बड़ी से इनकार किया और कहा कि उनकी कंपनियों ने नियामकों को अपनी वित्तीय स्थिति के बारे में समय पर जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी के जांचकर्ता अनिल अंबानी के जवाबों से सहमत नहीं हैं और उन्हें फिर से तलब किया जा सकता है। बता दें कि समन 24 जुलाई को मुंबई में एजेंसी की ओर से उनके व्यावसायिक समूह के अधिकारियों सहित 50 कंपनियों और 25 लोगों के 35 परिसरों की तलाशी लेने के बाद जारी किया गया था।

## PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that MR THAKUR DAS BAJAJ S/O HARCHAND MAL BAJAJ, FLAT NO. 1308, PLOT NO. 64, BREEZE PARK, SECTOR - 14, KOPARKHAIRANE, NAVI MUMBAI – 400709, MAHARASHTRA, INDIA, is applying to the Secretary to the Government of India in the Ministry of Home Affairs for Naturalisation, and that any person who knows any reason why Naturalisation should not be granted should send a written signed statement of the facts to the said Secretary.

## आम सूचना

हम श्री चतुरसिंह मेहरवान सिंग खालसा व श्री अरविंदर कौर मनजीत खालसा सभी को सूचित कर रहे हैं कि तीन रुम, मटन मार्केट के पास, सेक्शन 32, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 41सीआय09317600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती पूजा सुनील ताम्बेकर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 31.7.2025 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री चतुरसिंह मेहरवान सिंग खालसा व श्री अरविंदर कौर मनजीत खालसा**

## आम सूचना

मैं श्री संजय जयवंत गोटमारे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, अशोक सोसायटी, सुभाष टेकड़ी, आंबेडकर चौक, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 39डीओ008694100) उक्त प्रॉपर्टी श्री विजय जयवंत गोटमारे व श्री जॉय जयवंत गोटमारे व श्री अजय जयवंत गोटमारे के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 2.8.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री संजय जयवंत गोटमारे**

## आम सूचना

मैं श्री अजय जयवंत गोटमारे सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन आफ रुम, अशोक सोसायटी, सुभाष टेकड़ी, आंबेडकर चौक, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 39डीओ008694100(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री संजय जयवंत गोटमारे के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 2.8.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अजय जयवंत गोटमारे**

## आम सूचना

मैं श्री विजय जयवंत गोटमारे सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन आफ रुम, अशोक सोसायटी, सुभाष टेकड़ी, आंबेडकर चौक, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 39डीओ008694100(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री संजय जयवंत गोटमारे के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 2.8.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री विजय जयवंत गोटमारे**

## आम सूचना

मैं श्री जॉय जयवंत गोटमारे सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन आफ रुम, अशोक सोसायटी, सुभाष टेकड़ी, आंबेडकर चौक, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 39डीओ008694100(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री संजय जयवंत गोटमारे के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 2.8.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जॉय जयवंत गोटमारे**




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099